

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 198 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, बुधवार 25 मई 2022



पेज -3 पर 8 सूत्रीय मांगों को लेकर पुनः भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ने मनेंद्रगढ़ ..

भूपेश बहानेबाजी छोड़ सीधे-सीधे बतायें जनता को राहत देंगे कि नहीं-श्याम बिहारी पेज -4 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### रेल्वे पटरी पर तीन टुकड़ो में कटी मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका

**रायपुर** । राजधानी रायपुर के शिवानन्द नगर इलाके में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला है। युवक का शव 3 तुकड़ो में कटा हुए मिला है। शव को देखने के बाद आशंका जताई जा रही है कि युवक को किसी ने मारकर शव को रेलवे ट्रैक पर डालकर हादसे का रूप देने की कोशिश की है। बरामद किया हुआ शव खमतराई डबरापारा निवासी विकेश शेन्द्रे का बताया जा रहा है। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने संदेही गोलडन,दौलत और 1 नाबालिग समेत कुल 3 आरोपी हिरासत में ले लिया है।

### लकड़बग्घा की दहशत बकरी का किया शिकार

**कवर्धा** । जिले के बिरनपुर गांव में लकड़बग्घे का खौफ देखने को मिला है. जानकारी के मुताबिक लकड़बग्घा जंगल से भटककर गांव के पास आ गया. इसी दौरान लकड़बग्घे ने एक किसान के आंगन में बंधी बकरी का शिकार कर लिया.जिसे देखकर परिवार दहशत में आ गया. ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वनविभाग को दी. वनविभाग की टीम ने भी तत्परता दिखाते हुए लकड़बग्घे का रेस्क्यू किया.

तपती गर्मी के मौसम में जंगल में खाने की कमी है.इससेअक्सर जंगली जानवर भटककर भोजन की तलाश में गांव की तरफआ जाते हैं।

# मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा से राज्य के किसानों को फसल बीमा दावा राशि वितरण का किया शुभारंभ

**रायपुर**। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य के सुदूर अंचल दंतेवाड़ा से आज राज्य के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं उद्यानिकी फसलों की मौसम आधारित बीमा दावा राशि के वितरण का शुभारंभ किया। रबी एवं उद्यानिकी फसलों के बीमा योजना के तहत राज्य के 17 जिलों के लगभग डेढ़ लाख किसानों को 307 करोड़ 19 लाख रूपए की दावा राशि मिलेगी।



किसानों को रबी फसलों के बीमा दावा का भुगतान के मामले में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। मुख्यमंत्री ने राज्य के किसानों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसानों की भलाई के लिए राज्य में सभी कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, सांसद श्री दीपक बैज, विधायक श्रीमती देवती कर्मा, विधायक श्री विक्रम मंडावी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी मौजूद थे। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, संचालक कृषि श्री यशवंत कुमार, संचालक उद्यानिकी श्री माथेश्वरन वी.

**रबी फसलों और उद्यानिकी फसलों के बीमा दावा भुगतान में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी**



वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के सिलसिले में बस्तर अंचल के दौरे पर हैं। किसानों को फसल बीमा दावा राशि के भुगतान में विलंब न हो, इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री ने राजधानी रायपुर से इस कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बजाय दंतेवाड़ा से ही ऑनलाईन शुभारंभ किया।

### रेत ठेकेदार के गुर्गों पर कार्यवाही

# ग्रामीणों के साथ मारपीट होने पर नपाध्यक्ष ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

## एसडीएम से मिलकर सौंपा शिकायत पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

चिंगरौद में दिन भर नदी से रेत खनन करने के बावजूद रात में भी अवैध रूप से रेत खनन किए जाने और ग्रामीणों के साथ मारपीट करने की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने गांव के युवाओं के साथ एसडीएम भागवत प्रसाद जायसवाल को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। वहीं पालिका अध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की पुनरावृत्ति होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्राम चिंगरौद के ओमप्रकाश निषाद, इंद्र कुमार साहू, ओमन दास, डिगेश्वर बघेल, राजेश, भोज राम निषाद, धर्मेंद्र यादव, महेंद्र



पटेल, बसंत, टिकेश्वर आदि ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से मुलाकात कर गांव में रेत खनन कार्य में लगे ठेकेदार और उनके गुर्गे द्वारा दिन में रेत खनन के अलावा रात भर अवैध रूप से बेतहाशा रेत खनन करने की जानकारी दी। गांव के युवाओं ने बताया कि रेत परिवहन में लगे हाईवा से मुख्य मार्ग और खेती किसानी के लिए जिन रास्तों आवागमन ग्रामीण करते हैं उन मार्गों को क्षतिग्रस्त हो रहा है। युवाओं ने बताया कि रेत ठेकेदार को रात में खनन न करने को कहा गया तो उनके कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों के साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। और ग्रामीणों को झूठे मामलों में फ ंसाने की धमकी दी जाती है। जिससे ग्रामीण भयभीत है। बाद पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने ग्रामीण और युवाओं के साथ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम भागवत प्रसाद जायसवाल से मिलकर वास्तु स्थिति से अवगत कराया। एसडीएम जायसवाल ने कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को निर्देशित किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने रेत ठेकेदार पर कार्रवाई व ग्रामीणों के साथ मारपीट या अन्य किसी भी प्रकार घटना घटने होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर सभापति व पार्षद संदीप घोष एवं मुन्ना देवार मौजूद थे।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

# अगली बार आऊंगा तो केवल आवर्ती चराई के गौठान देखने जाऊंगा- भूपेश बघेल

### युवाओं को रोजगार से जोड़ने और पर्यटन को बढ़ावा देने कहा



**रायपुर**। वनांचल के लोगों से भेंट-मुलाकात के लिए बस्तर संभाग के दौरे पर निकले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज दंतेवाड़ा में जिले के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति का समीक्षा की। उन्होंने वन विभाग को सुराजी गांव योजना के तहत गौठानों के निर्माण के लिए विशेष प्रयास करने कहा। उन्होंने आवर्ती चराई के लिए बड़े-बड़े रकबों में व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि अगली बार जब मैं यहां आऊंगा तो केवल आवर्ती चराई के गौठान देखने जाऊंगा। उन्होंने गौठानों के निर्माण में लापरवाही पर वन विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, सांसद श्री दीपक बैज, विधायक श्रीमती देवती कर्मा

***मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा में ली समीक्षा बैठक, आवर्ती चराई के लिए बड़े रकबे में व्यवस्था के दिए निर्देश***

और श्री विक्रम मंडावी तथा मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समीक्षा बैठक में कहा कि अब दंतेवाड़ा जिले के लोगों के जीवन में परिवर्तन महसूस हो रहा है। लोग शांति की और लौट रहे हैं। व्यक्तिमूलक कार्यों और योजनाओ से यह सब संभव हुआ है। प्रशासन गांव-गांव तक पहुंच रहा है। शासन की योजनाएं अंदरूनी इलाकों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या केवल पुलिस की समस्या नहीं है। इसे खत्म करने के लिए हम सबको समन्वित प्रयास करना होगा।

# छत्तीसगढ़ की 36 ट्रेनें फिर कैंसल

### इनमें मेमू-डेमू के साथ एक्सप्रेस ट्रेनें भी शामिल; MP, ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र,पश्चिम बंगाल जाने वाले यात्रियों की मुश्किल

**बिलासपुर**। रेलवे बोर्ड ने अब जून में भी 36 ट्रेनों को एक माह के लिए कैंसल कर दिया है। अप्रैल व मई की तरह जून में भी रेलवे की मनमानी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ेगा। इधर, ट्रेनों को रद्द करने कांग्रेस नेताओं के विरोध-प्रदर्शन और आंदोलन की तैयारी धरी की धरी रह गई हैं। ट्रेनें कैंसल होने के बाद यात्रियों को समर वेकेशन के सीजन में एक बार फिर से अपनी यात्रा कैंसल करनी होगी।

देश भर में कोयला संकट की समस्या को देखते हुए रेलवे ने माल लदान को प्राथमिकता देते हुए अप्रैल और मई महीने में 36 ट्रेनों को कैंसल कर दिया था। इसके चलते छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में यात्रा करने वाले यात्रियों को खासी परेशानी हुई। इस बीच रेलवे ने 23 अप्रैल से 22 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को फिर से रद्द



करने का फरमान जारी कर दिया।

रेलवे के इस फैसले का प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विरोध जताया। इसके साथ ही कांग्रेस नेताओं ने ट्रेनों को कैंसल करने का विरोध करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी, लेकिन रेलवे पर इसका कोई असर नहीं हुआ। यही वजह है कि बिना किसी कारण के रेलवे ने अप्रैल में रद्द की गई ट्रेनों का परिचालन अब जून तक कैंसल करने का आदेश जारी कर दिया है।

### यात्रियों के महत्वपूर्ण है रद्द की गई ट्रेनें

*रेलवे प्रशासन ने बिलासपुर जोन और यहां से गुजरने वाली जिन ट्रेनों को रद्द किया है वे आम जनता के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इनमें से बिलासपुर जोन की एक्सप्रेस और मेमू-डेमू तो यहां की जनता के लिए लाइफ लाइन के समान हैं। खासकर वे ट्रेनें जो बिलासपुर-कटनी रूट पर चलती हैं। ज्यादातर ट्रेनें इसी रूट की है।*

## मुख्यमंत्री का जवाब सुनकर मानसिंह खिल उठे

**रायपुर** । दंतेवाड़ा में आदिवासी समाज के सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के भाषण समाप्त करते ही उपस्थित जनसमूह से एक शख्स ने मुख्यमंत्री से प्रश्न पूछा कि ग्राम बेंजाम और फरसपाल के बीच जो पुलिया बनाने की घोषणा आपके द्वारा की गई उसका क्या हुआ ? ग्राम बेंजाम के निवासी मानसिंह के इस प्रश्न को सुनकर मुख्यमंत्री ने मानसिंह को बताया कि पुलिया का टेंडर हो गया है, जल्द आपके गांव में 20 करोड़ रूपए की लागत से पुलिया का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल से अपने गांव में पुलिया निर्माण कार्य की प्रगति सुनकर मानसिंह आश्वस्त हो गए और उनक चेहरा खिल उठा। मुख्यमंत्री ने मानसिंह के प्रश्न की सराहना की और कहा कि यह देख कर बहुत खुशी हुई कि अब यहां के लोग खुद अपने विकास के लिए सजग हैं।


### राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी

# छत्तीसगढ़ से दो सांसदों को चुना जाना है, पहले दिन किसी ने नहीं लिया नामांकन

**रायपुर। राज्यसभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी बनाए गए छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है।**

इस प्रक्रिया से 10 जून तक छत्तीसगढ़ से राज्यसभा के लिए दो सांसदों का चुनाव किया जाना है।

चुनावी अधिसूचना के मुताबिक 31 मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। इसको सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे के बीच



छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

विधानसभा स्थित पीठासीन अधिकारी के कार्यालय में जमा करना है। पीठासीन अधिकारी की गैर मौजूदगी में यह नामांकन पत्र सहायक पीठासीन अधिकारी स्वीकार करेंगे। नामांकन पत्रों को जमा करने की तिथि बीत जाने के बाद यानी एक जून को सभी नामांकन पत्रों की जांच होगी। तीन जून के दोपहर बाद तीन बजे तक कोई अभ्यर्थी चुनाव से अपना नामांकन वापस ले सकता है। वह समय बीत जाने के बाद सभी वैध उम्मीदवारों की सूची जारी हो जाएगी।

अगर दो से अधिक उम्मीदवार हुए तो 10 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच मतदान होगा। मतदान के तुरंत बाद वहीं पर मतपत्रों की गिनती भी कर ली जाएगी। नामांकन के पहले दिन किसी ने भी कोई नामांकन पत्र नहीं लिया। विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने बताया, मंगलवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन किसी ने नामांकन नहीं लिया है। नामांकन 31 मई तक होना है।

छत्तीसगढ़ से दो राज्यसभा सदस्यों भाजपा के रामविचार नेताम और कांग्रेस की छाया वर्मा का कार्यकाल 29 जून को पूरा हो रहा है। छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोनों सांसद रिटायर होंगे। दोनों को जून 2016 में राज्यसभा के लिए चुना गया था। उन्हीं की खाली सीटों के लिए मंगलवार से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई है।

### कौन करेगा राज्यसभा के लिए मतदान

*राज्यसभा के लिए राज्यों के चुने हुए विधायक मतदान करते हैं। प्रत्येक राज्य के सांसदों की संख्या उसके जनसंख्या के अनुपात में तय होती है। इसी मान से ढाई करोड़ की जनसंख्या वाले छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों की संख्या केवल 5 है। वहीं 27 करोड़ की जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश से राज्यसभा में 31 सीटें हैं।*

**धर्म...** दंतेवाड़ा शहर में उत्सव सा माहौल

# आस्था का अर्पण, मुख्यमंत्री ने माईं जी को ग्यारह किमी लंबी चुनरी अर्पित कर विश्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराया दंतेवाड़ा की बहनों का

**रायपुर**। दंतेवाड़ा में माँ दंतेश्वरी का दर्शन कर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उन्हें ग्यारह किमी लंबी चुनरी ओढ़ाई और इस तरह से दंतेवाड़ा की डेनेक्स की बहनों का नाम विश्व रिकार्ड में दर्ज हो गया। इससे पहले नर्मदा मैया को मंदसौर में 8 किमी लंबी चुनरी ओढ़ाई गई थी। डेनेक्स की 300 महिलाओं ने केवल 7 दिनों में अपने हुनर से यह कार्य कर लिया। जब मुख्यमंत्री अपने हाथों से चुनरी अर्पित करने पहुंचे तो पूरे दंतेवाड़ा शहर में उत्सव सा माहौल था। पूरा शहर इस सुंदर दृश्य को देखने उमड़ आया था। ग्यारह



किमी लंबी इस चुनरी के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में नागरिकों के गहरे उत्साह की जो झलक मिल रही थी। वो अपने आप में अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मावली माता और भैरव जी के दर्शन भी किये। इस दौरान मंदिर परिसर में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की सुमधुर ध्वनि से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया था। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि डेनेक्स की महिलाओं ने जो चुनरी बनाई है उससे उनके हुनर को पूरे देश में जगह मिलेगी और इससे उनके काम की ख्याति दुनिया भर में फैलेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि हम प्रदेशवासी बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमें माईं दंतेश्वरी का निरंतर आशीर्वाद और उनकी छत्रछाया मिल रही है।



# रायपुर में ऐसी दवा दुकान, जहां कैश काउंटर ही नहीं

### यहां सब कुछ फ्री; हर दिन एक्सपर्ट डॉक्टर करेंगे इलाज, नाम है दवाई का लंगर

**रायपुर**। लंगर शब्द सुनने या पढ़ने में जब भी आता है तब दिमाग में सेवा भाव से भूख लोगों की भूख मिटाते सिख समुदाय के लोग नजर आ जाते हैं। रायपुर में एक ऐसा लंगर शुरू शुरू हुआ है जहां पर रोटी तो नहीं, मगर जरूरतमंदों को मुफ्त में दवाएं मिलेंगी। यहां पर आने वाले जरूरतमंद मरीजों को दवाओं का एक भी रुपए नहीं देना होगा, सीधे काउंटर पर डॉक्टर की रसीद दिखाइए और दवा ले जाइए। अस्पताल में इलाज के बाद दवाओं के चक्कर लगाने वाले कई परिवारों के



लिए यह सुविधा एक बड़ी राहत साबित हो सकती है।

### यहां मिलेगी मुफ्त दवा

रायपुर के देवेंद्र नगर चौराहे पर इस सेंटर को शुरू किया गया है। इसका नाम ही दवाई का लंगर रखा गया है। यह सेंटर छत्तीसगढ़ सिख संगठन और रायपुर के विधायक कुलदीप जुनेजा के सहयोग से शुरू किया गया है। देवेंद्र नगर चौराहे को जेल रोड से जोड़ने वाली सड़क पर यह सेंटर स्थित है।

# एनएफएचएस-5 सर्वे उस भारत की तस्वीर पेश करता है, जहां प्रगति के बावजूद जमीनी सच्चाई बेहद कड़वी है

आधिकारिक रिपोर्ट और सर्वेक्षण महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों के बारे में बताते हैं, इसके बावजूद वे हमेशा अखबारों की सुर्खियां नहीं बनते, न ही टीवी के प्राइम टाइम पर जगह पाते हैं। हाल ही में जारी नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5) इसका प्रमाण है। यह एक ऐसे भारत की तस्वीर पेश करता है, जहां प्रगति के बावजूद कटु जमीनी सच्चाई है। इसे दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे। इसके बावजूद इस सर्वे के विस्तार में जाने से पहले एक पूर्व शर्त है।

वह यह कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में राष्ट्रीय औसत पूरी सच्चाई नहीं बता सकता। देश को उसकी संपूर्णता में समझने और इसकी कमियों के बारे में जानने के लिए किसी को भी राज्यों और जिलों के आंकड़ों तक जाना होगा। स्त्री शिक्षा से जुड़े आंकड़े का मामला ही लीजिए। ताजा सर्वेक्षण बताता है कि देश की 41 प्रतिशत महिलाओं ने 10 साल तक स्कूली शिक्षा प्राप्त की है-यह 2015-17 के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की तुलना में बेहतर है, जिसमें बताया गया था कि 37 फीसदी महिलाओं ने 10 साल तक स्कूली शिक्षा हासिल की है।

ताजा सर्वेक्षण में इस मोर्चे पर हुए मामूली सुधार के बावजूद कुछ राज्य स्त्री शिक्षा के मामले में पिछड़े हुए हैं। जैसे, बिहार में 28 प्रतिशत महिलाओं ने ही न्यूनतम स्कूली शिक्षा हासिल की है। जबकि इसी अवधि में केरल में स्कूली शिक्षा हासिल करने वाली महिलाएं 77 फीसदी हैं। महिला श्रम भागीदारी के मामले में भारत दुनिया के बदतर देशों में से है। दूसरी ओर, यहां 15 साल और उससे बड़ी लड़कियां, जो देश की स्त्री जनसंख्या का एक तिहाई हैं, काम कर रही हैं या नौकरी की तलाश में हैं।

यह बात बार-बार कही जाती है कि हमारे यहां श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी कम है, क्योंकि वे उच्च शिक्षा हासिल कर रही हैं। पर एनएफएचएस-5 का आंकड़ा बताता है कि देश की आधी से ज्यादा महिलाओं ने स्कूली शिक्षा पूरी ही नहीं की है। फिर यह बात कैसे सच हो सकती है कि महिलाओं के उच्च शिक्षा प्राप्त करने के कारण श्रम बल भागीदारी में महिलाएं कम हैं? एक और तथ्य लेते हैं, जो देश की जनसंख्या की बुनियादी ताकत है- वह है बच्चों का स्वास्थ्य और उनके पोषण की स्थिति।



नौनिहालों की सेहत

एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट स्वास्थ्य से जुड़े ए क और निराशाजनक परिदृश्य के बारे में बताती है।छह से 23 महीने के आयु वर्ग के देश में मात्र 11 फीसदी बच्चे ही हैं, जिन्हें मां के दूध के अलावा भी पोषक खाद्य पदार्थ मिलता है। उत्तर प्रदेश में इस आयु वर्ग के महज 5.9 प्रतिशत बच्चे ही ऐसे हैं, जिन्हें मां के दूध के अलावा अन्य पोषक खाद्य पदार्थ उपलब्ध है।

सच्चाई यह है कि इस देश के बच्चों को शुरुआती वर्षों में पोषणयुक्त भोजन की न्यूनतम मात्रा भी नहीं मिल पाती, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे %एनीमिया मुक्त भारत% अभियान के बावजूद पूरे देश के बच्चों में रक्ताल्पता की शिकायत आम है। एक थिंकटैंक इंस्टीट्यूट फॉर कंपीटिटिवनेस के डॉ. अमित कपूर और जेसिका दुग्गल द्वारा एनीमिया पर तैयार 'द स्टेट ऑफ इनइक्वैलिटी इन इंडिया रिपोर्ट' नाम से एक दूसरा दस्तावेज भी, जिसे प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय ने जारी किया है, एनीमिया पर सरकारी आंकड़ों की तरफ हमारा ध्यान आकर्षित करता है।

इस दस्तावेज के मुताबिक, छह से 59 महीने तक के 67 फीसदी बच्चे एनीमिया से ग्रस्त हैं। जबकि एनएफएचएस-4 की रिपोर्ट में 59 प्रतिशत छोटे बच्चों को एनीमिया से ग्रस्त बताया गया था। जाहिर है, स्वास्थ्य के मोर्चे पर नवजातों की स्थिति नहीं सुधरी है। 15 से 49 साल की 57 फीसदी महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष एनीमिया से ग्रस्त हैं।

यह राष्ट्रीय औसत है। मध्य प्रदेश में छह से 59 महीने के 72.7 प्रतिशत बच्चों को एनीमिया है, यानी उन्हें पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिल पाता। यह तो पहले से ही स्पष्ट है कि देश के अमीर और गरीब राज्यों के बीच पोषण की स्थिति में अंतर है। मसलन, बिहार में अब भी पोषण के अभाव में कमजोर बच्चों का आंकड़ा देश में सबसे अधिक है। वहां पांच साल से कम उम्र के 41 प्रतिशत बच्चे कम वजन के हैं, तो 42.9 प्रतिशत बच्चे नाटे हैं। कद के अनुरूप बच्चों का वजन न बढ़ने के मामले मेंमहाराष्ट्र सबसे आगे है। वहां 25.6 फीसदी बच्चों का वजन उनके कद के अनुरूप नहीं है, जबकि 10.9 प्रतिशत बच्चों का वजन उनके कद के हिसाब से बहुत ही कम है।

एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट स्वास्थ्य से जुड़े ए क और निराशाजनक परिदृश्य के बारे में बताती है।छह से 23 महीने के आयु वर्ग के देश में मात्र 11 फीसदी बच्चे ही हैं, जिन्हें मां के दूध के अलावा भी पोषक खाद्य पदार्थ मिलता है। उत्तर प्रदेश में इस आयु वर्ग के महज 5.9 प्रतिशत बच्चे ही ऐसे हैं, जिन्हें मां के दूध के अलावा अन्य पोषक खाद्य पदार्थ उपलब्ध है। यह आंकड़ा स्तब्ध करने वाला है, क्योंकि बच्चों के जीवन के शुरुआती 1,000 दिन उनके शारीरिक विकास के साथ-साथ उनके मस्तिष्क के विकास के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण होते हैं।

पत्रलेखा चटर्जी

## संपादकीय

### फिर शुरू किसान आंदोलन

किसानों को संभवत: यह महसूस हुआ है कि उनके पास अपनी मांगें मनवाने का एक कारगर मॉडल है। एक समय आम आदमी पार्टी ने इस मॉडल का समर्थन किया था। लेकिन अब मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि किसानों का आंदोलन गैर-जरूरी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अब अहसास हुआ होगा कि सत्ता में ना रहने पर समाज के किसी भी वर्ग के असंतोष और आंदोलन का समर्थन करना कितना आसान होता है। उधर पंजाब के किसानों को भी यह अहसास हो रहा है कि कोई पार्टी सिर्फ नाम रख लेने भर से आम आदमी की समर्थक नहीं हो जाती। इन अहसासों का कारण पंजाब खड़ा हुआ ताजा टकराव है। पंजाब के सैकड़ों किसान अब राज्य के बाहरी इलाके चंडीगढ़ बॉर्डर पर जुट गए हैं। उनका ये जुटाव उसी तर्ज पर है, जिसके जरिए उन्होंने केंद्र सरकार को तीन कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर किया था। इस बार उनकी एक मांग गर्मी के कारण गेहूं की फसल की बर्बादी झेलने वाले किसानों को 500 रुपये प्रति क्विंटल का मुआवजा देने की है। उनकी अन्य प्रमुख मांगों में मक्का, बासमती और मूंग की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा शामिल है, जिसका चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने वादा किया था। किसानों को इस बात पर भी आपत्ति है कि राज्य सरकार ने अचानक 18 जून से धान की रोपाई शुरू करने का आदेश जारी कर दिया। मंगलवार को किसानों ने पंजाब सरकार के खिलाफ मार्च निकाला और चंडीगढ़ की ओर जाने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। जिसके बाद किसान चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर ही धरना देकर बैठ गए।

# पश्चिमी देशों को यहां संसाधन लूटना बंद करना होगा, उचित नीतियां भी बनानी होंगी

हालांकि इस समय विश्व का अधिकांश ध्यान पूर्वी यूरोप व वहां भी विशेषकर यूक्रेन पर केंद्रित है, पर यदि यह पूछा जाए कि लंबे समय से सबसे अधिक समस्याओं से कौन-सा क्षेत्र जूझ रहा है, तो निश्चय ही यह अफ्रीका महाद्वीप है। पहले कहा जाता था कि उत्तरी अफ्रीका की समस्याएं अपेक्षाकृत कम हैं। मुख्य समस्याएं 'उप-सहारा अफ्रीका' क्षेत्र में हैं, यानी उस क्षेत्र में, जो सहारा रेगिस्तान में या उसके दक्षिण में है। अफ्रीका का अधिकांश हिस्सा उप-सहारा क्षेत्र में ही है। आंतरिक हिंसा व अकाल से यह क्षेत्र अधिक प्रभावित रहा है।

हाल के समय में उत्तरी अफ्रीका के बड़े क्षेत्रों, जैसे लीबिया व मिस्र की स्थिति में भी बहुत गिरावट आई है व इनकी समस्याएं तेजी से बढ़ी हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि युद्ध व आंतरिक हिंसा ने अफ्रीका में सर्वाधिक क्षति की है। कांगो, नाइजीरिया, सूडान, सोमालिया, लीबिया, इथियोपिया जैसे कई देश आंतरिक हिंसा के चलते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें से अनेक देशों में हिंसा भड़काने में वहां की पूर्व औपनिवेशिक ताकतों ने भी भूमिका निभाई है। लीबिया कभी अपनी तेल संपदा के कारण बहुत समृद्ध था, जिसका लाभ पड़ोस के चाड व माली जैसे निर्धन देशों को भी मिल जाता था। पर लीबिया में गृहयुद्ध भड़कने के बाद इन पड़ोसी देशों में भी निर्धनता व भूख की समस्या बहुत बढ़ गई है। पैट्रिस लुमुम्बा जैसे अति लोकप्रिय नेता यदि अफ्रीका में भूख व गरीबी दूर करने का सपना साकार नहीं कर सके, तो इसका जिम्मेदार पश्चिमी देश व पूर्व औपनिवेशिक ताकतें रही हैं। एक समय था, जब मिस्र, सूडान व मोरक्को जैसे अफ्रीकी देश समृद्ध थे। अफ्रीका में मुख्य समस्याएं तब शुरू हुईं,



यूक्रेन संकट में उपेक्षित अफ्रीका

पश्चिमी देश आज भी खनिजों की लूट पर अधिक ध्यान देते हैं व जिन क्षेत्रों में इनका भरपूर दोहन हो चुका है, उसे उपेक्षित छोड़ देते हैं। बेशक वहां संयुक्त राष्ट्र व उसके खाद्य विकास कार्यक्रम की तरफ से खाद्य वितरण कार्यक्रम चल रहे हैं, पर इनसे अल्पकालीन राहत ही मिल सकती है। अफ्रीका को टिकाऊ व व्यापक विकास कार्यक्रम चाहिए, जिसके लिए जरूरी है कि अफ्रीकी लोगों के हितों के अनुकूल नीतियां बनें और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्याय मिले।

जब बाहर से आए आक्रामक गोरे व्यापारियों ने कुछ स्थानीय स्वार्थी तत्वों की सहायता से पंद्रहवीं-सोलहवीं शताब्दी के आसपास गुलाम व्यापार आरंभ किया। इसमें बहुत हिंसा हुई व जिन अफ्रीकियों का अमेरिकी महाद्वीप में गुलामी के लिए अपहरण किया गया, उनमें से लाखों की मौत हो गई। इसके बाद औपनिवेशिक ताकतों की क्रूर हिंसा का क्रम आरंभ हो गया। 19वीं शताब्दी के अंतिम दिनों में यह अपने चरम पर पहुंचा, जब विभिन्न पश्चिमी ताकतों ने अफ्रीका को आपस में बांट लिया।

औपनिवेशिक ताकतों की एक नजर जहां अफ्रीका के मूल्यवान खनिजों पर थी, वहीं दूसरी नजर अपनी जरूरत के खाद्यों व कच्चे माल के उत्पादन के लिए वहां की धरती के उपयोग पर भी थी। उन्होंने अफ्रीकी संसाधनों का दोहन इस तरह से किया कि उसकी समृद्धि के आधार में जो परंपराओं का ताना-बाना था, वह टूटने लगा। वहां के परंपरागत ज्ञान में इस बात पर ध्यान दिया जाता था कि स्थानीय हित के लिहाज से संसाधनों का कम दोहन हो। जहां उपजाऊ भूमि व जल संसाधन अधिक थे, वहां नियमित खेती होती थी और विविध खाद्यों व फसलों को उगाने पर जोर दिया जाता था। वहां घुमंतू पशुपालक एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते थे, ताकि एक स्थान पर संसाधनों का अत्यधिक दोहन न हो। उनके मार्ग तय थे व उनका किसानों के साथ आपसी सहयोग एवं तालमेल था। पर औपनिवेशिक शासकों को इसकी कोई परवाह नहीं थी। उन्हें तो बस अपने स्वार्थ से मतलब था। नतीजतन अनुचित नीतियों के चलते अफ्रीका की परंपरागत व्यवस्थाएं छिन्न-भिन्न होने लगीं व अकाल तथा भूख का ऐसा दौर आरंभ हुआ, जो आज तक नहीं थमा है।

भारत डोगरा

## मिला जुला

# सेजेस देवगढ़ सीतापुर में लॉटरी प्रक्रिया से कक्षा पहली व आठवीं की रिक्त सीटों पर संपन्न हुई छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया







जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

अपर कलेक्टर तनुजा सलाम की अध्यक्षता में डीएमसी प्रतिनिधिकरुणेश श्रीवास्तव जनपद अध्यक्ष शांति कुजूर विकास खंड शिक्षा अधिकारी सीतापुर मिथिलेश सिंह सिंगर बीआरसी रमेश सिंह संस्था के प्राचार्य सुनील कुमार गुप्ता जन्मेजय प्रभाकर सरपंच देवगढ़ सहित गणमान्य नागरिकों अभिभावकों एवं अभ्यर्थी छात्र.छात्राओं की उपस्थिति में लॉटरी निकाल कर कक्षा वार प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की गई द्यप्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रुप से संपन्न हुई। कक्षा पहली में कुल 50 सीटों में से 25 सीट बालकों से तथा 25 सीट बालिकाओं से भरे गए। कक्षा दूसरी में कुल 10 रिक्त सीटों में से 5 सीट बालिकाओं से तथा 5 सीट बालकों से भरे गए। कक्षा तीसरी में कुल 4 सीटों में दो बालिकाओं तथा दो बालकों का चयन किया गया। कक्षा चौथी में तीन रिक्त सीटों प्राप्त आवेदनों के आधार पर 2 सीटों में बालिकाओं का तथा 1 सीट में बालक का चयन किया गया। कक्षा छठवीं में कुल 4 रिक्त सीटों में दो बालक एवं दो बालिकाएं चयनित हुई। इसी प्रकार कक्षा सातवीं में मात्र एक सीट के लिए 15 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें बिना किसी वर्गीकरण के एक बालक का चयन किया गया। कक्षा आठवीं में तीन रिक्त सीटों के लिए एक बालिका तथा दो बालकों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में शत प्रतिशत सीटों के लिए अपर कलेक्टर तनुजा सलाम मैडम की उपस्थिति एवं अध्यक्षता में लाटरी पद्धति अपनाई गई एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के गाइड लाइन के अनुसार रिक्त सीटों का विभाजन कर छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

प्रवेश हेतु चयनित छात्र छात्राओं की सूची 25 मई प्रात: 11 बजे से विद्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है एवं चयनित छात्रों तथा अभिभावकों को सूचित किया गया है कि वे 30 मई तक समस्त आवश्यक दस्तावेज विद्यालय को प्रस्तुत कर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करावे उक्त तिथि तक प्रवेश ना ले सकने की स्थिति में उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से छात्रों को प्रवेश दिया जा सकेगा प्राचार्य महोदय ने बताया कि कक्षा नौवीं से 12वीं के छात्रों के प्रवेश चयन हेतु 25 मई को प्रात: 9 बजे से विद्यालय में प्रवेश चयन परीक्षा आयोजित की गई है। जिसमें प्रतिभागी छात्र अपने आवेदन पत्र की रसीद के साथ उपस्थित होकर प्रवेश परीक्षा में भाग लें प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर रिक्त सीटों में इन कक्षाओं में छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। आज लॉटरी द्वारा कक्षा एक से आठवीं में प्रवेश हेतु चयनित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं तथा आज के इस प्रवेश चयन कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन हेतु आदरणीय अपर कलेक्टर तथा समस्त विभागीय अधिकारी गण, विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों को कार्यक्रम के व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण समापन हेतु हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

# एक सूत्रीय मांग को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का धरना प्रदर्शन



जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

एक सूत्रीय मांग को लेकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मंगलवार को सुकमा बस स्टैण्ड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष रमानायक कर रहे थे धरना प्रदर्शन मे पीछड़ा वर्ग मोर्चा के अन्य पदाधिकारी व भाजपा पदाअधिकारी धनीराम बारसे, हुंगाराम मडकाम, खेमलाल सिन्हा, विवेक यादव, विश्वराज सिंग, चौहान, दिलिप पेद्दी व अन्य मोर्चा के सदस्यगंण उपस्थित थे। विदित हो की ओबीसी छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग की काफी समय से मांग रही की छत्तीसगढ़, ओबीसी बाहुल्य राज्य है, पिछड़ा वर्ग समाज की अधिकांश आबादी के आय का स्त्रोत खेती-किसानी का कार्य सहित अपने पुश्तैनी कार्य और मजदूरी पर आधारित है, लेकिन दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग समाज 27 प्रतिशत आरक्षण से वंचित है। विधानसभा चुनाव के पूर्व तथा बाद में कांग्रेस सरकार ने इस प्रदेश की जनता से वादा किया था सरकार ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण करेगी, लेकिन साढ़े 3 साल बीत जाने के पश्चात् भी राज्य की सबसे बड़ी आबादी वाला ओबीसी वर्ग को इस आरक्षण से वंचित रखा गया है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला सुकमा द्वारा मांग करते हुए कहा समाज को उनका वास्तविक अधिकार प्रदान करते हुए ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण तत्काल लागू करे। एक सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दंडाधिकारी को ज्ञापन सौपा व अपनी मांग पूरी करने की अपील करते हुए कहा आने वाले वर्षों में चुनाव है और मोर्चा वादों को अच्छी तरह याद रखी है सरकार तत्काल अपना वादा निभाए।

# जल भराव की स्थिति से निपटने बारिश से पहले नालियों की हो रहीं सफाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




बारिश में जल भराव की स्थिति न हो उसके पहले शहर के मुख्य नालियों की सफाई तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को रायपुर रोड स्थित मुख्य नाले की सफाई का जायजा लेने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर पहुंचे थे। इस दौरान पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर को शहर भर मुख्य मार्ग पर स्थित सभी नाले की सफाई को दु्रूतगति से करने के निर्देश दिया है। साथ ही यह भी कहा कि जिन छोटे बड़े नालियों के उप सेल्व कव्हर से ढ़का गया ऐसे सभी नालियों को पुन: चेक करें। कही किसी भी प्रकार से नालियां जाम नहीं होनी चाहिए।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में बांकी नदी पुनर्रोद्धार हेतु बैठक सम्पन्न

### कलेक्टर ने सभी वर्ग के लोगों से बढ़चढ कर सहयोग करने किया आग्रह

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



बच्चों ने नदी के सफाई हेतु सहयोग के रूप किया अपना गुल्लक दान

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बांकी नदी पुनर्रोद्धार कार्य में जन सहयोग हेतु व्यापारी संघ एवं विभिन्न समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर अग्रवाल ने बांकी नदी पुनर्रोद्धार हेतु समाज के सभी वर्ग को अपना योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बांकी नदी को साफ रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। हम सभी के सामूहिक प्रयास से ही नदी का बहाव क्षेत्र सुधार हो सकेगा एवं इसके स्वरूप में निखार आएगी। कलेक्टर ने इस हेतु समाज के विभिन्न वर्गों, युवाओं, व्यापारियों, महिलाओं, ठेकेदारों को आगे बढ़कर इस कार्य में अपना योगदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगर के व्यापारी संघ, ठेकेदार संघ, बार संघ, कल्याण आश्रम, बालाजी समिति, संवेदना समिति, सजल महिला समिति, जयमंगल विश्वमंगल, नवीन जागरण सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि बांकी नदी में जलीय पौधे की सफाई, गाद निकासी, गहरीकरण कार्य करने की आवश्यकता है। इस हेतु सफ ाई कार्य निरंतर होते रहना आवश्यक है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में भी नदी की सफ ाई कार्य किए जाए। जिससे नदी के उद्गम स्थल से अंत तक जलस्तर में वृद्धि हो एवं नदी अपनी पुरानी स्वरूप में आ सके। उन्होंने जल संरक्षण के लिए नदी की सफ ाई एवं उसे स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। इस दौरान बांकी नदी की सफ ाई के लिए छोटे बच्चों ने भी आगे आकर अपना योगदान दिया। बच्चों ने अपने गुल्लक कलेक्टर अग्रवाल को सौंपकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। जिसमें 10 वर्षीय आमोद आनंद गुप्ताए 13 वर्षीय देवांश जैन, 10 साल के श्रेयांश जैन, 11 साल के सम्यक जैन एवं 12 वर्ष के सम्यक जैन शामिल है।

सभी बच्चों ने कलेक्टर से कहा कि उनके द्वारा बहुत समय से गुल्लक में पैसे जमा किए जा रहे थे। जिनसे वे अपनी पसंदीदा खिलौने खरीदने वाले थेए परंतु लोगों द्वारा बांकी नदी की सफ ाई के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रोत्साहित होकर उन्होंने अपना गुल्लक इस कार्य के लिए सौंपा है।

# सरकारी वाहने कंडम प्राइवेट वाहनों के किराये में लाखों रुपये फूंककर अपने अरमान पूरे किए जा रहे

## 14 करोड़ 34 लाख 12.हजार 06 सौ 35 रूपये राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ मिशन के तहत जारी किये थे

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।


राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ मिशन के अंर्तगत 14 करोड़ 34 लाख 12 हजार 06 सौ पैंतीस रुपए का लेखा-जोखा सहित कोविड.कॉल में जीवनदीप समिति को राज्य.व केंद्र सरकार द्वारा मिलाकर 22 लाख की राशि सरकारी वाहनों के कंडम होने के बाद दूसरी लहर से लेकर तीसरीलहर के आशंकाओं के बीच पूर्व व वर्तमान समय में सतत रूप से चलने वाली ट्रेवल्स की प्रायवेट वाहनों में लाखो रुपए का किराया स्वास्थ विभाग के मातहतों के द्वारा जो कि फूंक्र दिया गया। और वर्तमान में भी सतत रूप फूंका जा रहा है। इन वाहनों की सेवाएं.आमजनों के स्वास्थ.सेवाएं में कम अपने और अपने समकक्ष.मातहतों के सेवाए में ज्यादा उपयोग हो रहा हैं। राज्य सरकार द्वारा आमजनों के लिए प्रदान की जानी वाली राशि का आपसी बंदरबांट कैसे होता है। अगर ये देखना है। तो राज्य सरकार के वर्तमान मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के स्वास्थमंत्री स्वास्थ.सचिव को




बिलासपुर.सीएचएमओ.कार्यालय सहित कोटा.सीएचसी में तत्कालीन.सरकार के समय से लेकर वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सालों से अंगद की पैर की तरह जमे रेगुलर अधिकारी-कर्मचारी सहित खासकर कोटा.सीएचसी में मदाम संविदा.अधिकारी-कर्मचारीयो व अन्य मातहतों के संपति की जांच के लिए आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो सहित एंटी करप्शन ब्यूरो को जांच के लिए सौंप देना चाहिए जिसके बाद कौन.कौन बना है। करोड़पति की जानकारी बाहर निकल आएगी।

### सूचना के अधिकार से मिली जानकारी से हुआ पूरा खुलासा

कोटा सीएचसी के समस्त पीएचसी के जीवनदीप.समिति में कुल जमा.राशि है। कोटा सीएचसी में चल रहे ट्रेवल्स के प्रायवेट वाहनों के शासकीय कार्यो में कम व्यक्तिगत कार्यो के लाखों रुपए भुगतान की राशि शासन के मत्थे फ ोड़कर अपने-अपने अरमान पूरे किए जा रहे है कोविड कॉल में कोटा सीएचसी में सतत रूप से चलने वाली अरमान ट्रेवल्स की वाहन मेज क्रमांक सीजी 10 एजे 3122 16 जुलाई 2020 से लेकर 15 अक्टूबर.2020 तक लगभग 92 दिन




14030.किलोमीटर चली लॉगबुक के हिसाब से जिसका की प्रतिदिन 1496 के हिसाब से 9200धउ का 1,37,632 वही पर अतिरिक्त किलोमीटर चले 4830 का 8.75 की दर से 42,262 कुल राशि 1,79,894 वही पर अरमान ट्रेवल्स की दूसरी वाहन क्रमांक सीजी `10.एजे .0830 26.मई.2020 से 15.अक्टूबर.2020 लगभग 112.दिन 14300 का प्रतिदिन 1496 की दर से 2,13,928,00वही पर अतिरिक्त.किलोमीटर 2289 चले वाहन का 8.75 की दर से अतिरिक्त किराया 20028.75 कुल राशि 2,33,956 कुल मिलाकर दोनों वाहनों का 4.लाख 13.हजार 849 अरमान.ट्रेवल्स को भुगतान किया गया। मजेदार बात ये है कि बिल के आधार पर दोनों वाहने 30998.किलोमीटर चली है और इसी आधार पर भुगतान किया गया है। वही अगर हम लॉगबुक के आधार पर हिसाब लगाए तो कुल.11135 किलोमीटर दोनों वाहने चली है मतलब 19263..हवा में चला दी गई। आरटीआई से मिली जानकारी के बाद लगातार इस पूरे मामले की खबर का खुलासा होने के बाद सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली कि अरमान.ट्रेवल्स के चलने वाले कोविड.वाहनों के लॉगबुक में हस्ताक्षर टेंगनमाडा के स्वास्थ.कर्मी से कराया जाता रहा है। जो कि जानकारी मिलने के बाद उस स्वास्थ.कर्मी ने कोटा.सीएचसी में उपस्थित होकर इस बारे में आपत्ति दर्ज कराई साथ ही ट्रेवल्स.के संचालक पर कानूनी-कार्यवाही करने की बात कही गई।

### कोटा सीएचसी के तत्कालीन बीएमओ व वर्तमान बीएमओ कहिंन

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ.मिशन के तहत जारी करोड़ो रूपये कोविड के दौरान केंद्र सहित राज्य सरकार द्वारा लाखों रुपए जारी राशि के भी सदुपयोग कम दुरुपयोग संबंधित सवालों पर कोटा सीएचसी के तत्कालीन बीएमओ ने अपने हाथ खड़े कर लिए थे। वही पर वर्तमान में नवपदस्थ बीएमओ निखलेश गुप्ता ने इस बारे जानकारी नही होने की बात कहते हुए पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद जवाब देने की बात कही है। वैसे तो शासकीय नियमो के हिसाब से कोटा सीएचसी में बीएमओ का पद बड़ा होता है। इस बात की तस्दीक वर्तमान बीएमओ द्वारा कही गई। कि बीएमओ का पद बड़ा होता है। पर वर्तमान व पूर्व की स्थिति पर नजर डाले तो कोटा.सीएचसी में बीपीएम का पद ही बड़ा नजर आता है जबकि बीपीएम का पद संविदा है शासन को चाहिए कि बीपीएम के वर्तमान व पूर्व में किए गए बेहतर कार्यकुशलता.स्वास्थ.योजनाओं के सही तरीके से क्रियान्वन को देखते हुए बीएमओ के पद को संविदा करते हुए बीपीएम के पद को रेगुलर कर देना चाहिए।

## एक नजर

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टररितेश कुमार अग्रवाल ने जनदर्शन के माध्यम से ग्रामीण जनों से मुलाकात करके उनकी समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को राशन कार्ड, पेंशन प्रकरण, सीमांकन, बटांकन, नामांतरण एवं राजस्व से संबंधित अन्य प्रकरणों को गंभीरता लेते हुए समय-सीमा में निराकरण करने कहा। जनदर्शन में आर्थिक सहायता, वेतन भुगतान, रोजगार प्रदाय, मजदूरी भुगतान, पेंशन भुगतान, मुआवजा, बंटवारा,भूमि.विवाद, नामांतरण सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में पेंशन, राशन कार्ड, मजदूरी भुगतान, राजस्व संबंधी प्रकरणों का भी समय-सीमा में उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने और निराकरण करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत् 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें पानी में डूबने से दुलदुला तहसील के ग्राम दुलदुला निवासी छाया बाई वल्द मधुसूदन राम की मृत्यु 10 अप्रैल 2019 को हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पिता मधुसूदन राम हेतु 4 लाख तथा दुलदुला तहसील के ग्राम चराईडाड़ निवासी रूझो बाई की मृत्यु 16 अगस्त 2020 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र मनधर राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षकों की रिक्त पदों की भर्ती हेतु साक्षात्कार 26 से 29 मई तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी जे के प्रसाद की दिशा निर्देश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षकों की रिक्त पदों की भर्ती की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार माध्यम से शैक्षणिक योग्यता के कुल 90 प्रतिशत भारांश के आधार पर एकीकृत कुल पदों के 07 गुणांक अभ्यर्थियों का मेरिट क्रमानुसार दस्तावेज सत्यापन किया गया है। उन्होंने बताया कि दस्तावेज सत्यापन उपरांत एकीकृत कुल पदों के 05 गुणांक अभ्यर्थियों को मेरिट क्रम में साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। इस हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर में 26 से 29 मई 2022 को प्रातः 09.30 बजे से विभिन्न विषयवार साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत 26 मई 2022 को विषय जीव विज्ञान के अंग्रेजी माध्यम, संस्कृत, वाणिज्य, भौतिकी, गणित विषय के अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम व रसायन, हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान विषय के व्याख्याता पदों पर साक्षात्कार लिया जाएगा। 27 मई 2022 को कंप्यूटर शिक्षक, ग्रंथपाल, सहायक शिक्षक-सामाजिक विज्ञान, शिक्षक विज्ञान,व्यायाम शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। इसी प्रकार 28 मई 2022 को सहायक शिक्षक विषय अंग्रेजी, गणित हिंदी माध्यम व गणित अंग्रेजी माध्यम तथा अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, संस्कृत, हिन्दी विषयों के शिक्षकों का साक्षात्कार 29 मई 2022 को सहायक शिक्षक विषय हिन्दी, जीव विज्ञान, प्रयोगशाला सहायक का साक्षात्कार लिया जाएगा।

## हर महीने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में होगा हेल्थ कैम्प-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समय सीमा की बैठक में बीते दिन हुए मेगा हेल्थ कैम्प की सफलता को देखते हुए जिले में हर महीने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में हेल्थ कैम्प का आयोजन करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की मौजूदगी में ग्रामीण जन को कैम्प के जरिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसे निरंतर जारी रखा जाएगा। आगामी 28 मई को केल्हारी में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत को लोगों को पूर्व सूचना देकर जागरूक करने के निर्देश दिए हैं जिससे अधिक से अधिक लोग कैम्प का लाभ उठा सकें।

### 12 से 14 साल के बच्चों के लिए स्कूलों में वैक्सीनेशन कैम्प के निर्देश

कलेक्टर शर्मा ने बैठक में सीएमएचओ को निर्देश दिए कि 12 से 14 साल के बच्चों के लिए स्कूलों में कोविड वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन कर वैक्सीनशन पूर्ण कराएं। बच्चों के वैक्सीनशन के लिए जिले के सभी 414 स्कूलों में कैम्प की कार्ययोजना तैयार कर टीकाकरण किया जाएगा।

### विभिन्न शिविरों से मिले आवेदनों के शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने बैठक में सभी एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत से चर्चा करते हुए उन्हें निर्देशित किया कि जनचौपाल, विभिन्न शिविरों एवं विकासखंड भ्रमण के दौरान आमजनों से मिले सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें।

## कुनकुरी, पत्थलगांव और मनोरा विकासखंड में मीटर रीडिंग करने वाले युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विद्युत विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में लोगों की बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण करने के लिए शिविर लगाया जा रहा है। साथ ही उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है। जिन लोगों की अधिक बिजली बिल की शिकायत है या हवा पानी के कारण तार गिरने, ट्रांसफ ार्मर जलने सहित अन्य बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा हैं। विभाग द्वारा कुनकुरी, पत्थलगांव और मनोरा विकासखण्ड में मीटर रीडिंग करने वाले युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैए ताकि हितग्राहियों का सही मीटर रीडिंग करके बिजली बिल दिया जा सके।



## हॉस्पिटल वाली गाड़ी का मिल रहा लाभ, शिवदयाल की समस्या का हुआ समाधान गुलबसिया को शुगर एवं बीपी से मिली राहत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

जिले के ग्रामीण अंचलों के लोगों तक हाट बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचायी जा रही हैं। स्थानीय हाट बाजारों में जरूरतमंदों को एमएमयू वाहन के द्वारा इलाज एवं जांच के साथ-साथ निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध हो रहीं हैं। विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम शिवपुर के साप्ताहिक हाट बाजार में कुछ महीनों से चक्कर एवं बदन दर्द की समस्या लेकर पहुंचे 47 वर्षीय शिवदयाल कुर्रे ने बताया कि हाट बाजार में बीपी तथा शुगर की प्रारंभिक जांच की गई तथा



निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करायी गई। नियमित उपचार एवं दवाइयों के सेवन से अब मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं। इसी प्रकार इलाज के लिए आयी 55 वर्षीय गुलबसिया ने बताया कि मुझे 15-20 दिनों से लगातार दोनो पैरों में जलन व दर्द होता था। हाट बाजार क्लीनिक के बारे में पता चलने पर मैंने जांच करवायी। चिकित्सकों द्वारा शुगर और बीपी जांच किया गया तथा खान-पान संबंधित सलाह भी दी गई। मैं अब निरंतर यहां से दवाइयां ले रही हूं, जिससे बीपी सामान्य एवं शुगर पहले से कंट्रोल में है तथा जलन एवं दर्द भी ठीक हुआ है।

259 हाट बाजार क्लिनिक में 17 हजार से अधिक को मिला इलाज एवं दवाइयां 05 को रेफर किया जिला अस्पताल

जिले में हाट बाजार क्लिनिक के माध्यम से 1 अप्रैल से 22 मई 2022 तक कुल 17 हजार 252 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा 17 हजार 255 को निःशुल्क दवाइयों का लाभ मिला। वहीं 05 जरूरतमंदों को इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस समयावधि में 259 साप्ताहिक हाट बाजारों में एमएमयू वाहन पहुंचे, प्रति हाट बाजार लगभग 70 के औसत दर से मरीजो का इलाज हुआ। सभी विकासखण्डों में 05 डेडिकेटेड वाहनों के माध्यम से स्वास्थ्य टीमों ने साप्ताहिक हाट बाजारों में पहुंचकर हितग्राहियों का उपचार किया।

## सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखते हैं देश के मुखिया मोदी-चुन्नीलाल




जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

तुमगांव क्षेत्र के ग्राम अमलोर में 10 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद चुन्नीलाल साहू उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत तुम गांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने की विशेष अतिथि के रुप में भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव व ग्राम पंचायत की सरपंच रूपा जयप्रकाश यादव उपस्थित थी। ज्ञातव्य है उक्त सामुदायिक भवन का निर्माण सांसद निधि मद से होगा। आज मंगलवार को हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद साहू ने प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा किए केंद्र की मोदी सरकार गांव के गरीब जनता की हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। वे निरंतर उन्हें लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सभी सांसद भी अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य में जुटे हुए है। उनके लिए परिवार व समाज से बड़ा देश है। वर्तमान केंद्र सरकार ने देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रत्येक वर्ग के लोगो को मूलभूत सुविधाओं की चिंता हमारे देश के मुखिया को है और आज लगातार देश शीर्ष ऊंचाईयों को प्राप्त कर रहा है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रमुख रामप्रसाद ध्रुव,बाबूराम ध्रुव, सुखीराम हिरवानी,दुलरुवा धीवर,डॉ. सोहन साहू ,दिलीप ध्रुव ओसराम ध्रुव, ललित मानिकपुरी,नेमीचंद जायसवाल, भगत ध्रुव, गैंद राम यादव,दशरथ महोबिया मनोहर पटेल,बृजमोहन, सहित ग्राम अमलोर के आम जन ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


## 8 सूत्रीय मांगों को लेकर पुनः भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ने मनेंद्रगढ़ विधायक के नाम सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

हम आपको बता दें कि भाजपा मंडल मनेंद्रगढ़ के तेजतर्रार मंडल मीडिया प्रभारी यीशै दास के द्वारा आज 24 मई 22 को मनेंद्रगढ़ विधायक राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मान डॉ विनय जयसवाल के नाम से उनके कार्यालय प्रभारी तथा सोशल मीडिया प्रभारी रविंद्र सोनी के हाथों ज्ञापन प्रेषित किया गया है तथा मंडल मीडिया प्रभारी द्वारा मीडिया को यह भी जानकारी दिया गया कि मेरे द्वारा पूर्व में भी पृथक-पृथक पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनेंद्रगढ़ के नाम से ज्ञापन दिया जा चुका है बावजूद उनका इस ओर कोई ध्यान न होने की वजह से मजबूर पास हो मेरे द्वारा विधायक के नाम से ज्ञापन सौंपा गया है उक्त मांगे निम्न प्रकार से है जैसे वर्तमान समय पर नौतपा की भीषण गर्मी पड़ने वाली है एवं जल्द ही बरसात का मौसम भी आने वाला है यात्री प्रतीक्षालय न होने की वजह से विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए राहगीरों को मजबूर बस हो अपने साधन



हेतु सड़क किनारे ही खड़ा रहना पड़ता है उक्त वजह से उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा आम जनमानस की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए मनेंद्रगढ़ के मौहरपारा गोपाल शीत गृह के समीप यात्री प्रतिक्षालय बनवाए जाने की महान कृपा करें जिससे आने जाने वाले मुसाफि रों को धूप तथा बारिश से राहत मिल सके मनेंद्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 में खुली नाली में चिप पत्थर नहीं होने तथा उक्त नाली को उचित साफ-सफाई व्यवस्था न होने की वजह से वार्ड वासी गंदगी में रहने को मजबूर है उक्त नाली की साफ-सफ ाई व्यवस्था बरसात पूर्व



सुनिश्चित करवाए जाने एवं खुली नाली में चिप पत्थर लगवाए जाने की महान कृपा करें जिससे वार्ड वासियों को शुद्ध वातावरण मिल सके। मनेंद्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 16 में निवासरत वार्ड वासियों को काफ ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है चुकी इसलिए ऐसा कहना पड़ रहा है कि वार्ड में मात्र एक ही लाइट पोल है जिससे वार्ड में निवासरत वार्ड वासियों को उचित विद्युत व्यवस्था न मिलने की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है पूर्व में भी वार्ड वासियों द्वारा ज्ञापन दिया गया था परंतु आज दिनांक तक उक्त वार्ड वासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है अतः आपसे निवेदन है कि जल्द से जल्द एक और विद्युत पोल लगवाए जाने की महान कृपा करें जिससे कि वार्ड वासियों को उचित विद्युत व्यवस्था मिल सके। वार्ड क्रमांक 16 में नाली मे चीप पत्थर नहीं है तथा नाली भी आधा अधूरा छोड़ दिया गया है एवं जिस तरीके से साफ-सफ ाई व्यवस्था कराई जानी चाहिए उस तरीके से नहीं कराई जा रही है जिससे घरों से निकलने वाला पानी एक जगह पर एकत्रित हो गंदगी का रूप ले चुका है जिसमें मच्छर मक्खी इत्यादि भी पनप चुके हैं जिससे आने वाले समय पर कई गंभीर बीमारियां भी उत्पन्न हो सकती है कृपया उक्त विषयों को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द उक्त समस्याओं का निराकरण कराए जाने की कृपा करें। मनेंद्रगढ़ मौहरपारा रेलवे फाटक से लेकर गोपाल शीत गृह तिराहा तक एक भी सार्वजनिक प्रसाधन नहीं है जिस वजह से असामाजिक तत्वों के द्वारा खुली सड़क पर ही आजारकता फैलाया जाता है जिससे राहगीरों सहित महिलाओं एवं बच्चों पर गलत प्रभाव भी पड़ता है कृपया आप से अनुरोध है कि जल्द से जल्द सार्वजनिक प्रसाधन बनवाए जाने की कृपा करें। मनेंद्रगढ़ मौहारपारा वार्ड क्रमांक 4 विश्वकर्मा फैब्रिकेटर के सामने स्थित बोरिंग है जो वर्तमान समय पर पूरी तरह से बंद हो चुकी है जिसका लाभ वार्ड वासियों को नहीं मिल पा रहा है अतः आपसे अनुरोध है कि जल्द से जल्द उक्त बोरिंग की मरम्मत कार्य करवाये जाने की महान कृपा करें जिससे वार्ड वासियों को पीने हेतु शुद्ध पानी आसानी से मिल सके। मनेंद्रगढ़ मौहारपारा वार्ड क्रमांक 5 में स्थित कोरिया नीर जो छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत आता है जो आज वर्षों से आज दिनांक तक बंद पड़ा हुआ है उक्त वजह से वार्ड वासियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि जल्द से जल्द उक्त आर ओ वाटर सेंटर को सुचारु रुप से खुलवाए जाने की महान कृपा करें।

# किसान ने तीन पुलिस पर लगाया था गंभीर झूठे आरोप

## करेला लूटने में लगे थे लोग पुलिस ने बिगाड़ा लूट होने का खेल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

रक्षक को बनाया गया भक्षक एक किसान युवक ने नवागढ़ थाने के तीन पुलिस आरक्षक के खिलाफ पीटाई करने व झूठे केस में फ ंसाने की पुलिस अधीक्षक से की थी लिखित शिकायत करेला लूटने में लगे थे लोग पुलिस ने बिगाड़ा लूट होने का खेल पूरा मामला बेमेतरा जिले के नवागढ़ थाना अंतर्गत का है।





पीड़ित सेवक राम पटेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना अंतर्गत आने वाला ग्राम झाल के समीप में खड़ी करेले से लदी पिकप वाहन को बोर वाहन ने मारी जबरदस्त ठोकर ठोकर में एक युवक हुआ घायल वहीं राहगीरों ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल ड्राइवर के साथी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया था। सुबह ड्राइवर सेवक राम पटेल नवागढ़ थाना पहुंचकर एक्सीडेंट होने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रविवार 22 मई की रात तकरीबन 01 बजे के आस पास मुंगेली से नवागढ़ मेन रोड ग्राम नवलपुर मोर ग्राम गाढ़ा मोर के पास पहुंचे थे कि नवागढ़ के ओर से बोर गाड़ी हमारी पिकअप वाहन को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे साथी गंगादीन पटेल को चोट आया और मेरे पिकप वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसमें करेला सब्जी 23 क्विंटल प्लास्टिक के कैरेट में था। जिसे मैं भाटापारा मंडी बेचने के लिए ले जा रहा था कीमत तकरीबन 51 हजार रुपए का समान था रिपोर्ट लिखाने के बाद जैसे ही वापस अपने वाहन के पास आया तो देखा कि राकेश साहू और कुछ लोग करेला लूटने में लगे थे और वही राकेश साहू द्वारा अन्य लोगों को बोला जा रहा था की फ्री में लूटो करेला कहकर चीख-चीख कर सब को भड़का रहा था।

### मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगाड़ा लूट मारी का खेल

वही जब नावागढ़ थाना से तीन पुलिस वाले हेमप्रसाद साहू और उनके दो और साथी आए जिन्होंने भी राकेश साहू को मना किया की एक गरीब का सामान ऐसे कैसे लेजा सकते हो उतने में ही युवक राकेश पुलिस वालों पर आक्रोश हो गया और सब्जी लेकर भागने लगा पुलिस ने पीछा कर करेले का कैरेट युवक के हाथों से छिना उतने में ही युवक पुलिस वालों पर अश्लील शब्दों का उपयोग करने लगा। आरक्षक हेमप्रसाद साहू ने पास मे पड़े मामूली लकड़ी से एक दोबार सिर्फ डराने के लिए मारा उसके बाद युवक वहां से भाग गया। कुछ घंटो बाद राकेश पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर तीन आरक्षक के खिलाफ झूठी शिकायत पत्र के साथ अपने शरीर में लगे घाव का फोटो संलग्न पेश किया।

दूसरे दिन मगलवार 24 मई को पीड़िता वाहन मालिक ने भी न्याय की गुहार लगाने एसपी कार्यालय पहुंचे जहां पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को राकेश साहू के द्वारा वाहन से सब्जी लूट करने एवं लोगों को सब्जी ले जाने के लिए भड़काने का साथ ही जांच कर उचित कार्यवाही कर मुआवजे दिलाने की मांग की है!

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक शराब के नशे में अपने शरीर को स्वयं चोट पहुंचाया है!

पिकप वाहन मालिक ने राकेश साहू और जो लूट में शामिल है उनके खिलाफ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर मुआवजे की मांग की है।

** मंगलवार को एक पीड़ित सेवक राम पटेल वाहन मालिक के द्वारा शिकायत पत्र मिला जिसमें राकेश साहू पिकअप वाहन से करेला का कैरेट लेजा रहा था और राहगीरों को भड़का रहा था के फ्री का माल है करेला ले जाओ जितना ले जाना है।*

***डीएसपी राज कुमार बर्मन***

### एक और झूठी शिकायत मिला

सोमवार को नवागढ़ के समीप एक गांव से साहू शिकायत लेकर आया हुआ था। जिसका घटनास्थल में खेत है और उस जगह में पिकअप वाहन पलट गई थी जिससे करेला बिखरा हुआ था। जिसे राहगीर लूटकर ले जान में लगे हुए थे जिसे वह राहगीरों को ल जाने में मना कर रहा था जिसक बावजूद सब्जी ले गए।

जैसे ही करेले का कैरेट मैं वाहन में रखने वाला था तब नवागढ़ थाने से तीन पुलिस आए और मुझे बेरहमी से मारपीट करने लगा जिसकी झूठी शिकायत पत्र मुझे प्राप्त हुई थी। इस मामले पर जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### पुलिस का धावा, सवा नौ क्विंटल चोरी के कबाड़ सहित दो लोग सपड़ाये


जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले की सरायपाली पुलिस द्वारा 2 जगहों पर छापा मारकर सवा 9 क्विंटल चोरी का कबाड़ सामान बरामद करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली के थाना प्रभारी आशीष वासनिक और साइबर सेल के प्रभारी संजय सिंह राजपूत को मुखबिरों द्वारा सराईपाली में बाजार पारा निवासी शेख रिजवान और पदमपुर रोड अर्जुंदा निवासी जय कुमार साहू के गोदामों में अवैध रूप से चोरी का कबाड़ रखे होने की जानकारी दी गई थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शेख रिजवान की गोदाम में दबिश दी तो, वहां से 480 किलो वजनी अवैध लोहे का कबाड़ सामान, पुरानी कार की साइड गेट, मोटर सायकल रिंग की इंजन कीमती 12 हजार तथा जय कुमार साहू के पास से 440 किलो वजनी अवैध लोहे का कबाड़, पुरानी साइकिल, टायर एवं पुराना साइलेंसर कीमती 11,000 जप्त कर हिरासत में लिए गए आरोपी द्वय के विरुद्ध भादवि की धारा 41 ;14, और 379 के तहत कार्यवाही की गई है। छापामार कार्यवाही में एएसआई सोनचंद डहरिया, प्रधान आरक्षक सुखलाल भोई, आरक्षक योगेंद्र बंजारे , कमल जांगड़े और साइबर स्टाफ शामिल थे।

### सीतापुर कालेज के नीलेश बनवाशी रासेयो स्वयंसेवक का राष्ट्रीय एकता शिविर रायपुर के लिए चयन

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अम्बिकापुर सरगुजा के अंतर्गत नीलेश कुमार बनवशी स्वयंसेवकोंशासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सीतापुर ने रामचंद्र मिशन आश्रम परिसर अमलेश्वर रायपुर में भाग लिया। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता शिविर 21 मई 2022 से 27मई2022 तक आयोजित हो रही है। इस शिविर में भारत के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए हैं। शिविर के दौरान यह स्वयंसेवक अपनी कला संस्कृति एवं विचारों का आदान प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ 21 मई 2022 को मुख्य अतिथि अनुसुईया उइके राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन एएएस कबीर, क्षेत्रीय निदेशक मध्य प्रदेश .छत्तीसगढ़ रासेयो, राज्य संपर्क अधिकारी रासेयो डॉ समरेंद्र सिंह, प्रोफेसर केशरी लाल वर्मा, कुलपति पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर और पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक सुश्री नीता बाजपेयी ने इस शिविर में भाग लेंगे। राष्ट्रीय एकता शिविर में सम्मिलित स्वयंसेवको को संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के रासेयो समन्वयक डॉ. एस एन पांडेय, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शशिमा कुजूर एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित कुमार बरगाह ने शुभकामनाएं दी।

### ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 कर दिया गया है

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले के पंजीकृत समस्त किसानों का ई-केवाईसी कराने का अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 कर दिया गया है। 24 मई 2022 तक की स्थिति में पीएम किसान पोर्टल में कुल आधार ऑथेंटिकेटेड 90876 हितग्राही के विरुद्ध 43098 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण हुआ है तथा 47778 हितग्राहियों का ई.केवाईसी लंबित है। जिले के समस्त शेष पंजीकृत कृषकों से 31 जुलाई 2022 से पूर्व स्वयं पीएमकिसान पोर्टल पर जाकर मोबाईल ओटीपी ऑथेंटिकेशन के जरिए या अपने नजदीकी सी एससी केन्द्रों से संपर्क कर बायोमेट्रिक के जरिये ई.केवाईसी कराने की अपील की गई है। योजनांतर्गत पेमेंट मोड को बैंक खाता से बदल कर आधार नंबर के आधार पर किया गया है। अपने बैंक खाता को आधार नंबर से भी लिंक करावें।


# जनपद पंचायत महासमुंद में मिली भगत का खेल 15वें वित्त के 39 लाख रूपयें में सेंधमारी

## दिग्विजय ने कलेक्टर से की जांच कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

15 वें वित्त मद की राशि के लिये ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी बनाये जाने के बाद भी जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा मिली भगत कर उक्त मद की राशि को सीधे फर्मो को भुगतान किया जा रहा है।



जनपद सदस्यों द्वारा इसे लेकर सामान्य सभा की बैठक में आपत्ति किये जाने के बाद भी आज तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा न ही कोई नोटिस जारी किया गया है और न ही कोई कार्यवाही की जा रही है। स्पष्ट है किए जनपद पंचायत एवं समृद्धि शर्मा द्वारा कार्य एजेंसी को भुगतान न कर किसी अज्ञात राधे इंटरप्राईजेस को सीधे भुगतान किया गया है जबकि पंचायत अधिनियम के आधार पर कार्य एजेंसी को ही पैसा देना है। जनपद पंचायत के कृषि स्थायी समिति के सभापति दिग्विजय साहू ने आज 23 मई को कलेक्टर को मांग पत्र सौपकर जांच एवं कार्यवाही की मांग की है। दिग्विजय साहू का कहना है किए ओपन जिम के नाम पर भी जनपद पंचायत ने 10 लाख की सामग्री खरीदना बताया गया है। जबकि खरीदी गई सामग्री 2 लाख रूपये से भी कम की है। इस तरह अधिकारियों की मिली भगत से कुल 39 लाख रूपयों की लेखा प्रविष्ठि में जमकर धांधली की गई है। जिसकी निष्पक्ष जांच और सख्त कार्यवाही जरूरी है।

# कोबरा 206 वाहिनी की डी कंपनी के जवानों ने 5 किलो आईईडी किया निष्क्रिय



जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम एलमागुंडा व मिनपा के जंगल की ओर सर्चिंग पर निकली कोबरा 206 वाहिनी की डी कंपनी के जवानों ने 5 किलो का आईईडी बरामद किया। वहीं नक्सलियों द्वारा लगाए गए 5 किलो की आईईडी बरामद कर बीडीएस की टीम ने मौके पर निष्क्रिय किया। मिली जानकारी के अनुसार कोबरा 206 वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अनिल कुमार, डिप्टी कमांडेंट प्रशांत राय और सौरभ यादव के नेतृत्व में सर्चिंग टीम निकली थी।

# एलसीआईटी की खिलाड़ी शिवांगी आचार्य ने जीती ओपन शतरंज प्रतियोगिता

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कामर्स एंड साइंस बोदरी बिलासपुर के होनहार शतरंज खिलाड़ी शिवांगी ने अपने वर्ग में विजेता होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है इस संबंध में जानकारी देते महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि राम कुमार तिवारी मेमोरियल सिनियर ओपन चेस चैंपियनशिप का आयोजन 22 मई 2022 को पूर्व शतरंज खेल अध्यक्ष राम कुमार तिवारी की स्मृति में नवयुवक वैश्य समाज भवन करबला रोड बिलासपुर में किया गया था। जिसमे एलसीआईटी महाविद्यालय की होनहार चेस खिलाड़ी शिवांगी आचार्य ने महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर बेस्ट वोमेन्स का खिताब जीता इनके खिताब जीतने पर महाविद्यालय संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन,उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, टी एस चैयरमेन उपकार राय, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला,उप प्राचार्य अभिनव पाल,इंजीनियरिंग विभाग प्राचार्य डॉ.श्रुति राठौर, उप प्राचार्य सुभी श्रीवास्तव,लॉ विभाग प्रमुख अभिनव प्रदान,साइंस विभाग प्रमुख अभिषेक केशरवानी, कला विभाग प्रमुख उमेश पटनायक, शैलजा रेड्डी,संजय एवं नीरज सोनी आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# जनचौपाल के दौरान कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, मिले 29 आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



24 मई को आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात के कार्यक्रम जनचौपाल के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 29 आवेदन प्रस्तुत किये। जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों में निराश्रित पेंशन दिलाने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाये जाने, पारिश्रमिक भुगतान राशि प्रदाय करने, आंगनबड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति कराने, विधवा पेंशन प्रदान कराने, ग्राम पंचायत जंगलपुर के पंचायत सचिव को हटाने, अतिक्रमण हटाये जाने, ग्राम पंचायत खुड़मुड़ा में जल जीवन मिशन अन्तर्गत पानी टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन बिछाने के संबंध में, ग्राम पंचायत सिंघौरी के आश्रित ग्राम सिरसा में स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत शौचालय दिलाने, ओलावृष्टि से हुई क्षतिपूर्ति की बीमा राशि दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधीश ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि समय सीमा पर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें, जिन समस्याओं का निराकरण प्रशासन स्तर से संभव है उन्हें प्रशासनिक स्तर पर तथा जिन समस्याओं के निराकरण में राज्य शासन द्वारा मार्गदर्शन की जरूरत है वहां पर राज्य शासन से मार्गदर्शन लेकर समस्याएं हल कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को सूचना दी जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश कुमार वर्मा, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, साजा धनराज मरकाम, नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भूपेश बहानेबाजी छोड़ सीधे-सीधे बतायें जनता को राहत देंगे कि नहीं-श्याम बिहारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्यामबिहारी जायसवाल ने केंद्र सरकार द्वारा डीजल पेट्रोल में जनता को बड़ी राहत देने के बाद अन्य राज्यों द्वारा भी राहत देने के बावजूद छत्तीसगढ़ में कोई पहल न होने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए इसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की हठधर्मी और जनविरोधी मानसिकता बताया है।



प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष श्यामबिहारी जायसवाल ने कई राज्यों का हवाला देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य की जनता को राहत देने की बजाय अव्यावहारिक दलीलें देकर टालमटोल कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता को राहत देने से भाग रहे हैं। तरह तरह की बहानेबाजी और पैंतरेबाजी दिखा रहे हैं लेकिन यह चलने वाली नहीं है। भाजपा जनआंदोलन करके भूपेश बघेल सरकार को जनता के सामने समर्पण करने मजबूर करेगी। भूपेश बघेल को हर हाल में पेट्रोल डीजल में टैक्स कम करना ही होगा। भूपेश बघेल बतायें कि टैक्स कम करेंगे कि नहीं। भाजपा इस अन्यायी सरकार के खिलाफ सड़क पर संघर्ष करने पूरी तरह तैयार है। जायसवाल ने कहा कि कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद केवल छह माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पेट्रोल के दाम में लगभग 20 रुपये प्रति लीटर की कमी की है लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य की कांग्रेस सरकार ने जनता को धोखा देते हुए मात्र 78 पैसे की छूट दी है। कांग्रेस सरकार जनता से लूट में भरोसा करती है, जनता को छूट में नहीं।

उन्होंने आगे कहा कि गैर भाजपा शासित राज्य भाजपा शासित प्रदेशों के मुकाबले दोगुना वैट वसूल कर जनता को लूट रहे हैं। भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड में 14.51 रुपये, उत्तर प्रदेश में 16.50 रुपये, गुजरात में 16.56 रुपये, हिमाचल में 16.60 रुपये, असम में 17.38 रु प्रति लीटर वैट लिया जा रहा है। इसके मुकाबले कांग्रेस शासित व अन्य गैर भाजपा शासित राज्य जैसे महाराष्ट्र में 30 रुपये, आंध्र प्रदेश में 32.59 रुपये, राजस्थान में 27.30 रुपये, केरल में 27.24 रुपये, छत्तीसगढ़ में 23 रुपये वैट वसूला जा रहा है। मध्यप्रदेश में नवंबर में 07 रुपये की राहत दी गई जबकि छत्तीसगढ़ में 78 पैसे रो धोकर कम किये गए थे और दरियादिली का ढोल पीटा गया था। जायसवाल ने सवाल किया है कि जब भाजपा शासित प्रदेश टैक्स कम कर सकते हैं। तो जनता को राहत देने के लिए गैर भाजपा शासित राज्य ऐसा क्यों नहीं कर रहे। स्पष्ट है कि कांग्रेस सहित अन्य ऐसी राज्य सरकारें जनता को लूट रही हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in